# पिंटकिंग फुट




इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम पिंटकिंग फुट का उपयोग करना सीखेंगे।












क्या आपने कभी सोचा है कि एक कपड़े के सॉफ्ट नाजुक गेधर पर ये पिंटक्स इतने अच्छे से कैसे किए जाते होंगे? इस ट्यूटोरियल में हम आपको दिखाएंगे कि इन्हे कैसे इतनी आसानी से किया जाता है।

यदि आपने अभी भी अनुमान नहीं लगाया है तो जान ले कि इस लेसन में आप उषा जेनोम पिंटकिंग फुट का उपयोग करना सीखेंगे। यह फुट आपको पिंटक की समान समांतर रेखाएं बनाने में मदद करता है, जो एक दूसरे से निश्चित अंतर पर बनते है। इस फुट की मदद से आप सिंपल पिंटक्स के साथ-साथ कॉर्डेड पिंटक्स भी बना सकते हैं।

इस लेसन के लिए आपको चाहिए होगा: उषा जेनोम पिंटकिंग फुट, एक ट्विन नीडल, कॉटन कॉर्ड नं. 250, 8 x 8 इंच का कपड़े का एक चौकोर टुकड़ा, वांछित रंगों के धागे, फैब्रिक मार्कर, एक मापन स्केल और छोटी कैंची की एक जोड़ी।

कपड़े के टुकड़े पर लगभग 3 इंच के अंतर पर दो सीधी समानांतर रेखाए खींचकर शुरू करें। लाइन के सामने कॉर्ड को मापें, और एक तरफ थोड़ा अतिरिक्त रखकर काट लें। यह पिंटकिंग फुट है - यहां फुट के नीचे इन कई खांचों को देखें, इससे आप दो लाइनें के बीच समान अंतर बनाए रखकर पिंटक की दो लाइने बना सकते हैं।




शुरू करने के लिए ट्विन नीडल को ले - यह एक दो सिर वाली सुई जैसी होती है, जिसमें एक सिर और आँखों वाले दो नुकीले एक्सटेंशन होते हैं। सिर का यह सपाट हिस्सा जब आप उन्हें जोड़ते है तब आपसे दूर होगा और गोल हिस्सा आपकी ओर होगा। इसे ध्यान से देखें।



नीडल क्लैंप स्क्रू को ढीला करें और सुई को नीचे खींचें और गोलाकार हिस्सा आपकी ओर रहे ऐसे इस तरह से ट्विन नीडल दाखिल करे। इसका स्क्रू टाइट करे। पिंटकिंग फुट के ऊपर स्नेप करके नॉर्मल प्रेसर फुट को बदल ले।





अब ट्विन नीडल को थ्रेड करने के लिए। हम दो रंगीन धागे लेंगे, दोनों स्पूल पिन को ऊपर उठाएंगे और प्रत्येक पर एक धागा रखेंगे। इसके बाद मशीन को थ्रेड करने के लिए गाइड के माध्यम से दोनों धागे को एक साथ लें। जब आप सुई की आंखों तक पहुंचते हैं तब उन्हें विभाजित करें और एक को बाईं ओर के हुक में से और दूसरे को दाईं और से पास करें - जैसे मैं यहां कर रही हूँ। धागे के किनारे को काट लें और ट्विन नीडल को थ्रेड करने के लिए उनकी दोनों आंखों में एक-एक को दाखिल करे।




आपकी मशीन अब पिंटक्स बनाने के लिए लगभग तैयार है। उसके बाद कपड़े के ऊपर की लाइन के साथ फुट के अंतर को संरेखित करें और इसे फुट के नीचे रखें। फ्रेशर फुट निचे करे।




अपनी मशीन को सेट करें - इस तरह थ्रेड टेंशन को अधिकतम तक बढ़ाएं। पैटर्न सिलेक्टर पर मशीन को स्ट्रेट स्टीच A पर सेट करें। और स्टीच लेंथ को 2 पर रखे।



धीरे-धीरे सीधी रेखा पर सिलाई शुरू करें और सुंदर पिंट्क्स को जीवित होते निहारे।

चलिए एक दूसरा करते हैं - इस दूसरा खांचे को देखें - हम थोड़े अंतर पर पिंटक्स बनाने के लिए केंद्र में एक खांचा छोड़कर नेक्स्ट लाइन इस खांचे पर बनाएँगे। कपड़े को सेलेक्ट किए हुए ग्रूव यानि खांचे के नीचे रखकर संरेखित करें और धीरे-धीरे सिलाई करना शुरू करें।

पिंटक्स बनाना जारी रखने के लिए मुख्य पिंटक द्वारा निर्देशित, उनकी एक श्रृंखला बनाने के लिए फुट के अंतिम खांचे का उपयोग करें।

कपड़े को आवश्यकता अनुसार रखें और संरेखित करें और धीरे-धीरे सिलाई करना शुरू करें। ये सिंपल पिन्टक हैं। अधिक थ्री-डी प्रकार इफेक्ट के लिए, हम एक कॉर्डेड पिंटक को सिलना सीखेंगे। इसमें एक अतिरिक्त स्टेप आता है, जिसमें आपको कॉर्ड को कपड़े के पीछे, आपके द्वारा खींची हुई दूसरी लाइन के संरेखन में रखनी है। कपड़े को फुट के नीचे रखते हुए सुनिश्चित करें कि आप कॉर्ड को दृढ़ता से पकड़ते है और वह फुट के केंद्र में आता है।

कपड़े के अंत तक धीरे-धीरे सिलाई शुरू करें। पूर्ण हो जाने के बाद अतिरिक्त धागा और कॉर्ड को काट ले। कॉर्ड अपने आप ही पीछे जुड़ जाता है। क्या बात है! आपने अलग-अलग पिंटक्स का उपयोग करके अलग-अलग अंतर के साथ दो प्रकार के पिंटक्स बनाना सीख लिया है और साथ ही पिंटक्स का उपयोग करके कॉर्ड को जोड़ना भी सीख लिया है।

पिंटक्स वाकई में अद्भुत हैं। उनका उपयोग समानांतर या घुमावदार रेखाओं में अद्भुत कलात्मक प्रभाव जोड़ने के लिए किया जा सकता है। आप प्लैन कपडे को सुंदर परिधान बनाने के लिए या कपड़े पर शानदार डिजाइन बनाने के लिए रचनात्मक रूप से पिन्टक का उपयोग कर सकते हैं जो हर प्रोजेक्ट को एक मिनी आर्ट पीस बना देते है। तो पिंटक्स कर सके ऐसे विभिन्न तरीकों से खुद को चुनौती दें... और परिणाम के जितना ही सफर का भी आनंद लें!